## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में हजारों ने कराई जांच, 1659 को भोपाल किया रेफर





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अपनी विधानसभा के लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार के लिए जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके के विशेष आग्रह पर भोपाल के चिरायु मेडिकल कालेज एवं हॉस्पिटल द्वारा जुन्नारदेव के शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ठ विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किये गए नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर में अपने स्वास्थ्य की जाँच कराने के लिए हजारों की संख्या में क्षेत्र के मरीजों एवं उनके परिजनों का जन सैलाब उमड़ पड़ा।

शिविर में पहले दिन उच्च स्तरीय जाँच, उपचार एवं सेवा की चर्चा क्षेत्र में फैलते ही दूसरे दिन भारी भीड़ सुबह से ही शिविर स्थल पर पहुँच गई। अचानक बढ़ी भीड़ को भी व्यवस्थापकों ने थोड़ी देर की मशक्कत के बाद व्यवस्थित कर सुगमता से शिविर का संचालन करने में सफलता प्राप्त कर ली। स्वास्थ्य शिविर में साधरण से लेकर गंभीर बीमारियों की जाँच एवं उच्चार कराने के लिए क्षेत्र के हजारों महिला एवं पुरषों ने अपना परीक्षण कराया। शिविर में भोजन, पेयजल, साफ सफाई तथा कांग्रेसजनों एवं स्वाजसेवियों के सेवाभाव ने शिविर में आए लोगों को काफी प्रभावित किया। शिविर में अपनी सेवा दे रहे कार्यकर्ताओं के द्वारा शिविर में उपचार कराने पहुँचे मरीजों एवं उनके परिजनों का विशेष ख्याल भी रखा गया। शिविर के आयोजक जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके, चिरायु मेडिकल कालेज भोपाल के डॉ. गोयनका ने दोनों दिन पूरे शिविर में घूम घूम कर हर क्षेत्र में अपनी पैनी नजर जमाए रखी जिससे कहीं भी कोई अव्यवस्था नजर नही आई। विधायक शिविर में आए हर लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करते नजर आए। शिविर में दोनों दिन कुल 15 हजार से अधिक मरीजों ने अपना पंजीयन कराया जिसमे जाँच एवं उपचार के बाद सघन जाँच एवं गंभीर बीमारियों के इलाज एवं ऑपरेशन के लिए 1659 मरीज भोपाल रेफर किये गए जिन्हें लगातार अगले 3 दिनों तक भोपाल भेजने की व्यवस्था की जा रही है।

शिविर में काँग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं, शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ठ विद्यालय जुन्नारदेव, नगरपालिका जुन्नारदेव, दमुआ, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग जुन्नारदेव, दमुआ, तामिया एवं नवेगांव, महिला बाल विकास, विद्युत विभाग, पेंचव्हेली, लाइफ पैरामेडिकल कालेज छिन्दवाड़ा, नेत्र सहायक डॉ. यू.के. नेमा एवं डॉ. मोहम्मद याकूब विकास खण्ड जन स्वास्थ्य रक्षक संघ जुन्नारदेव, लोकनिर्माण विभाग ने सहयोग दिया।

## 10 बजे के बाद नहीं बज सकेंगे डीजे, टीआई ने डीजे संचालकों की ली बैठक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय के निर्देशानुसार कल दिनांक 24 नवम्बर को थाना कोतवाली परिसर मे डीजे संचालकों की बैठक ली गई, जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी कोतवाली उमेश गोल्हानी के द्वारा की गई। बैठक मे उपस्थित डी जे संचालकों को थाना प्रभारी द्वारा डीजे नियत समय-सीमा रात्रि 10 बजे तक एवं तय डेसिबल में ही संचालित करने संबंधी दिशा निर्देश दिये, साथ ही साइलेंस जोन क्षेत्र जिसमे अस्पतालों के आसपास, कलेक्टर कार्यालय, जिला कोर्ट, सभी शैक्षणिक संस्थान, बैंक कार्यालय शामिल हैं, जहां 100 मीटर के दायरे में तेज आवाज में स्पीकर नहीं बजाने संबंधी दिशा निर्देश दिये गये। बैठक मे उपस्थित सभी डीजे संचालकों ने शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने मे सहमति व्यक्त किये। बैठक मे 25-30 डी जे संचालक उपस्थित रहे। बता दें कि कुछ दिनों से डीजे काफी तेज आवाज से बजाया जा रहा है, जिससे शहरवासी और बीमार व्यक्ति परेशान हो गए थे। इस निर्णय से राहत मिल सकेगी।

### सार-समाचार

## मन की बात कार्यक्रम को भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव ने खिलाड़ियों के साथ साझा किया





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने भाजपा कार्यकर्ताओं और राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के हैंडबाल, खो-खो, क्रिकेट एवं कराते खिलाड़ियों के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात का 116 वें प्रसारण जिले भाजपा कार्यालय में देखा और सुना। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा समाज का मार्ग प्रशस्त करने वाले एन.एस.एस. और एन.सी.सी. के अनुशासन, कचरे से नवाचार, पर्यटन क्षेत्रों की सफाई, गौरैया संरक्षण आदि विषयों पर मूल्यवान विचार साँझा किए।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने मन की बात कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम सुनकर सदैव कुछ नया करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश की भी प्रशंसा की जहां जनसामान्य ने सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण के लिए शानदार कार्य किए हैं। यह निश्चित रूप से हम सभी के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा पिछले तीन माह में जिन कार्यकर्ताओं अपने अपने बूथ पर मन की बात सुनी है वे उसे सोशल मीडिया पर प्रचारित करे। इसी के साथ ही श्री यादव ने कहा कि बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र के साथ भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए हर वर्ग के लिए काम कर रही है।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पाण्डेय, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गरिमा दामोदर, जनभागीदारी अध्यक्ष भारत घई, अजय सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी संदीप सिंह चौहान, जिला सह मीडिया प्रभारी विक्रम सोनी, राकेश माइकल पहाड़े, जिला आई.टी. संयोजक दीपक कोल्हे, उप सरपंच रोहनकला दिव्यकांत यादव, हैंडबॉल, खो-खो की यूनिवर्सिटी नेशनल प्लेयर अंजलि उइके, पूजा भलावी, क्रिकेट में यूनिवर्सिटी स्टेटस प्लेयर विशाल मंडेकर, लक्ष्मी धुर्वे, सोनम मरकाम, करीना उइके, साक्षी देवारे, अरुण कुमरे, आकाश उइके, प्रमोद बट्टी, नीरज उइके, विक्रम कवरेती, रितेश कुमरे, माही मस्कोले, निहाल सिरसाम, राम कुमार यादव, हिमानी बेलवंशी, ज्ञानेश्वरी, उमा परतेती, खुशबू उइके, गायत्री परतेती, अनामिका उइके सहित अन्य खिलाड़ी एवं भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अशासकीय शाला संघ छिंदवाड़ा के स्नेह सम्मेलन का आयोजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्राइवेट स्कूल के संगठन अशासकीय शाला संघ का वार्षिक मिलन समारोह 24 नवंबर को आयोजित किया गया इसके लिए मनीष तिवारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## यातायात पुलिस ने गाड़ियों से हटाई काली काली फिल्म

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** उच्च यायालय जबलपुर के निर्देशानुसार एवं दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु यातायात नियमो के उलघंनकर्ता वाहन चालकों को बिना हेलमेट एवं सीट बेट एवं चारपिहया वाहन पर काली फिल्म आदि शीर्ष में प्रभावी कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा अजय पांडे के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश के क्रम में उप पुलिस अधीक्षक रामेश्वर चौबे, यातायात छिंदवाड़ा के नेतृत्व मे रक्षित निरीक्षक राकेश तिवारी, थाना प्रभारी थाना यातायात छिन्दवाड़ा द्वारा आज दिनाक 23 नवबर 2024 को छिंदवाड़ा पुलिस ने शहर के विभिन्न चौराहो पर विशेष यातायात जाँच अभियान चलाया। इस



अभयान का मुख्य उद्देश्य यातायात के नियम के पालन को सिनिश्चित करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना था। इस अभियान में थाना एवं थाना यातायात द्वारा कार्यवाही कर संयुक्त रूप से निम्नलिखित कायवाही की गई।

हेलमेटे न पहनने वाले दो पिहया वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण 61 समन शुल्क 18300 रुपये वाहन चालक दारा सीटबेल्ट न पहनने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध 17 प्रकरण कुल 8,500 रूपये समन शुल्क चार पहिया वाहन में काली फिल्म लगाकर वाहन चलाते हुए पाए जाने पर 21 प्रकरण, 10,500 रूपये समन शुल्क वसूल किया जाकर वाहन पर लगी काली फिल्म निकालने की कायवाही की गई, वाहन चालक दारा वाहन के दस्तावेज पेश न करने वाले 4 प्रकरण में कुल 2000 रूपये समन शुल्क, वाहन चालक दारा तेज गती से वाहन चलाने के करण 3 पर 3000 रूपये समन शुल्क, वाहन में नम्बर प्लट विधिवत न होना 1 प्रकरण पर 500 रूपये समन शुल्क, रेड लाईट जंप करने वाले यातायात के सकेत का उल्लघंन के कुल 7 प्रकरण में 3500 रूपये समन शुल्क, खतरनाक हालात में वाहन खड़ा करने पर 1 प्रकरण 500 रूपये समन शुल्क की राशि वसूल की गयी। समस्त वाहन चालकों को वाहन के दस्तावेज रखने एवं यातायात के नियम का पालन करने हेतु मुनासिब हिदायत दी गई ताकि अन्य कार चालक एवं मोटर सायकल चालक इसका अनुसरण कर सके।

छाया शेख अल्फाज

## कांग्रेस सेवादल ने शहीद स्मारक में किया ध्वजारोहण

### जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भी रहे शामिल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष सुरेश कपाले ने बताया कि आज कांग्रेस सेवादल के द्वारा शहीद स्मारक पर माह के अंतिम रविवार 24 नवंबर 2024 को परंपरा अनुसार देश की स्वतंत्रता पर अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को याद करने के उद्देश्य से झंडा वंदन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा एवं अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष चन्द्रमोहन मुदगल उपस्थित थे। कपाले ने आगे बताया कि झंडावंदन की परंपरा लगभग 100 साल पुरानी है और यह परंपरा देश के देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के द्वारा स्वतंत्रता के पूर्व प्रारंभ की गयी थी। उसी परंपरा का निर्वाह आज कांग्रेस सेवादल के द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के एवं महिला कांग्रेस सेवादल के एवं कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिग्रेड के सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे जिसमें सुरेश कपाले, राकेश मरकाम, बलराम सिंह चौहान, शेषराव उइके, प्रेम उइके, राजेश धुर्वे, गजेन्द्र इंदौरकर, डॉ. शबाना यास्मीन खान, सीमा शुक्ला, मुन्ना धुर्वे, सुनील सारंगपुरे, कदीर मंसूरी, निजाम



मंसूरी, करिशमा डेहरिया, दिवाकर बोरकर, शिवानी मर्राफे, उषा घोगरे, नेहा आम्रवंशी, सुजीत विश्वकर्मा, राजेश धुर्वे, मोहम्मद अली, अर्चना करमेले, नूर जहॉं, शर्मिला परतेती, संजू नागले, सन्नो कुमरे, पार्वती मर्सकोले, रबीना कोचे, सुनील सारंगपुरे, आयात मंसूरी, शहजाना बानो कुरैशी, नेहा आम्रवंशी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे जिनका जिला सेवादल अध्यक्ष सुरेश कपाले ने आभार व्यक्त किया।

## ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों की दी जानकारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बाल विवाह भारतीय लोकजीवन की उन्नत तस्वीर पर बदनुमा दाग की तरह है, एक तरफ हमारी सांस्कृतिक चेतना बच्चों में भगवान का अक्स देखती है दूसरी तरफ बाल विवाह, मौजूदा समाज की चेतना में उदासीनता का स्थायी भाव बेहद दु:खद है। हर जिले में बाल विवाह प्रतिषेध कानून के तहत एक अधिकारी को प्रभारी बनाया गया है जिसे बाल विवाह के मामले में पुलिस की तरह गिरफ्तारी तक के अधिकार प्रावधानित है इन सभी विषयो पर जानकारी देने के मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के निर्देशन व जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, विकास खंड समन्वयक दीपक गेडाम के मार्ग दर्शन मे बिछुआ के सेक्टर क्रमांक 01 के क्षेत्र बिछुआ, ग्राम ऊल्हावाड़ी, छाबड़ी, नवलगांव, उभेगांव में जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर परामर्शदाता शयामलराव ने उपस्थित छात्रो को बताया की बाल विवाह प्रतिषेद अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह करना एवं करवाना कानुनन अपराध है। ऐसा करने वाले व्यक्ति को दो लाख रूपये का जुर्माना एवं एक वर्ष के कठोर कारावास की सजा का प्रावधान है वहीं सामूहिक विवाह आयोजनों में अगर बाल विवाह की घटनाएं होती है तो आयोजकों के विरुद्ध भी सख्त कारवाई इस कानून के तहत सुनिश्चित की जाती है। बाल विवाह प्रतिषेध कानून भारत के सभी नागरिकों पर लागू है इसलिए कोई सम्प्रदाय विशेष इस कानून से परे होने का दावा कोई नहीं कर सकता है। एम.एस.डब्ल्यू. के छात्र मदन डिगरसे ने बाल विवाह करने के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुये कहा की इन दुष्प्रभाव के कारण हमारे जन्मे बच्चों पर भी बुरा असर देखने को भी मिलता है की बात बतायी।

## नियमों के उल्लंघन पर उमरेठ कृषि केन्द्र संचालक पर एफआईआर दर्ज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** किसानों की सहायता के लिए बनाए गए उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 4, 5, 35 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 एवं 7 के उल्लंघन पाए जाने पर मेसर्स पाठे कृषि केंद्र उमरेठ के संचालक एवं उर्वरक विक्रेता श्री चंचलेश पवार के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना उमरेठ में दर्ज कराई गई ।

विभाग के जांच दल में अनुविभागीय कृषि अधिकारी परासिया प्रमोद सिंह उट्टी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सह उर्वरक निरीक्षक परासिया विनायक नागदवने, कृषि विस्तार अधिकारी उमरेठ जानशाह वाडिवा, कृषि विस्तार अधिकारी मोरडोंगरी शिव प्रसाद डेहरिया, प्रबंधक सेवा सहकारी समिति मर्यादित उमरेठ रामप्रसाद विश्वकर्मा एवं ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी उमरेठ आर.सी. सल्लाम ने साथ में मौके पर पहुंचकर प्रापर्टी ऑनर शेख रकीब बल्द सत्तार कादरी से पूछताछ करने पर गोदाम का शटर खुलवाया। गोदाम एवं दुकान का शटर खुलवाने के बाद उपस्थित दल ने देखा कि आई.पी.एल. (इण्डियन पोटाश लिमिटेड) कम्पनी का भारत एन.पी.के. (16:16:16) उर्वरक की 290 बैंग (50 किलो बैग) भण्डारित पाई गई एवं शेख रकीब ने बताया यहां उर्वरक चंचलेश पवार द्वारा भण्डारित करवाया गया हैं और चंचलेश पवार को उनके दूरभाष पर सूचना देकर मौके पर बुलाया गया व संबंधित से पूछताछ करने पर बताया कि यह एनपीके (16:16:16) उर्वरक होल सेलर मोतीलाल सुबोध कुमार जैन रेलवे स्टेशन के सामने छिंदवाड़ा से मेसर्स पाठे कृषि केन्द उमरेठ प्रोपराईटर पिंकी पवार की पी.ओ.एस. आईडी क्र. 1508532 पर 20 मैट्रिक टन एनपीके (16:16:16) उर्वरक का एकनालेज किया गया। चूंकि प्रोपराईटर पिंकी पवार की पी.ओ.एस. आई.डी. क्र.- 1508532 का संचालन एवं उर्वरक विक्रय का कार्य चंचलेश पवार द्वारा किया जाता है।

चंचलेश पवार द्वारा प्रस्तुत पी.ओ.एस. आई.डी. क्र. 1508532 में शेष एन.पी.के. (16:16:16) उर्वरक 4.6 मैट्रिक टन दर्ज था जबकि मौके



पर 14.5 मैट्रिक टन एन.पी.के. (16:6:16) उर्वरक भण्डारित पाया गया। इस भण्डारित उर्वरक की जाँच के दौरान चंचलेश पवार के द्वारा पाठे कृषि केन्द्र उमरेठ एवं गोदाम की जानकारी नहीं दे पाये एवं निर्धारित किये गये नक्शे में मेसर्स पाठे कृषि केन्द्र उमरेठ की दुकान एवं गोदाम की कोई जानकारी किसी बोर्ड में उल्लेखित नहीं किया गया।

चंचलेश पवार मेसर्स पाठे कृषि केन्द्र उमरेठ का संचालन किसी दूसरी दुकान जिसके बोर्ड पर खुश्बू फर्टिलाईजर्स कृषि केन्द्र उमरेठ का संचालन किया जा रहा था, जबकि खुश्बू फर्टिलाईजर्स कृषि केन्द्र उमरेठ की दुकान की कोई जानकारी विभाग में दर्ज नहीं हैं एवं संचालक चंचलेश पवार द्वारा निर्धारित स्थल पर दुकान का होना नहीं पाया गया। साथ ही दुकान एवं उर्वरक से संबंधित रिकार्ड जैसे कि उर्वरक स्टाक रजिस्टर, बिल बुक, बिल फाईल, उर्वरक दर सूची नहीं पाई गई एवं संचालक द्वारा प्रस्तुत पी.ओ.एस. आई.डी. क्र. 1508532 में शेष एन.पी.के. (16:16:16) उर्वरक 4.6 मैट्रिक टन दर्ज था, जबकि मौके पर 14.5 मैट्रिक टन एन.पी.के. (16:16:16) उर्वरक पाया गया जो भौतिक स्टाक एवं पी.ओ.एस. मशीन स्टाक में 9.9 मैट्रिक टन का अन्तर पाया गया। कार्यवाही के दौरान इस स्टाक उर्वरक का उर्वरक नमूना भी लिया गया।

जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि किसानों के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और इसके लिए नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। इस कार्रवाई से अन्य उर्वरक विक्रेताओं को भी नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई है। प्रशासन ने किसानों से अपील की है, कि यदि उन्हें किसी प्रकार की अनियमितता या शिकायत हो, तो वे तुरंत संबंधित विभाग को सूचित कर सकते हैं।

## भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कौशल प्रदर्शनी में छिन्दवाड़ा सक्षम और वसुंधरा की रही सहभागिता



### कलेक्टर छिन्दवाड़ा ने दी ्शुभकामनाएं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में शैक्षणिक गुणवत्ता के लिये निरन्तर प्रयास जारी है इसी क्रम में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भोपाल के शिवाजी नगर स्थित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल में स्टार प्रोजेक्ट के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय कौशल प्रदर्शनी का आयोजन 22 नवंबर को किया गया था।

इसके अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल एवं डी.पी.सी. गिरीश शर्मा के निर्देशन में छिंदवाड़ा जिले के सक्षम चौरसिया जो की शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव ट्रेड आई.टी. के कक्षा 11वीं के विद्यार्थी है एवं वसुंधरा कवरेती ट्रेड कृषि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुर विकासखंड तामिया की छात्रा है। दल के अन्य सदस्य जिला व्यावसायिक समन्वयक डॉ. साबिर फारुकी एवं जैतपुर विद्यालय की शिक्षिका राजेश्वरी विश्वकर्मा के द्वारा राज्य स्तरीय कौशल प्रदर्शनी में अपने मॉडल को प्रदर्शित किया गया। विद्यालय में विद्यार्थियों की प्रतिभा को दर्शाने, उद्यमशीलता की भावनाओं को बढ़ाने एवं उनके कौशल विकास के प्रोत्साहन के लिये विद्यालय स्तर, जिला स्तर और राज्य स्तर पर कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

जिनमें से विद्यालय के प्रथम पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों के द्वारा जिला स्तरीय कौशल प्रदर्शनी में सहभागिता की गई। जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त मॉडल को राज्य स्तर पर प्रदर्शन करने के लिये अवसर प्रदाय किया गया है। दोनों विद्यार्थियों के मॉडल डिफेंस रोबोट एवं एकीकृत खेती को कौशल प्रदर्शनी में बहुत सराहा गया। दोनों विद्यार्थियों को विभाग द्वारा राज्य से बाहर पांच दिवसीय स्किल एक्सपोजर विजिट के लिए माह दिसंबर में ले जाया जाएगा ।

## साईंधाम कॉलोनी में गीता स्वाध्याय का हुआ आयोजन, उज्जैन में गीता जयंती पर 10 से 12 दिसम्बर तक होंगे आयोजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सॉईधाम कालोनी, सोनपुर रोड छिंदवाड़ा निवासी डॉ. लक्ष्मण राय के यहॉ विश्वगीता प्रतिष्ठानम् का गीता स्वाध्याय केन्द्रीय सप्रोत्सव प्रमुख नेमीचन्द व्योम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अध्याय 16 देवासुर सम्पद् विभाग योग के 1 से 14 श्लोकों का पारायण किया गया। सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक श्लोक और उसके अर्थ का वाचन किया। निर्मलाचार्य ने श्लोकों संगीतमय व्याख्या की। कु. गरिमा, कु. नित्या तथा रवि राय ने सुभाषित श्लोक और अर्थ प्रस्तुत किया। संजय वर्मा ने अमृत वचन कहा। पूर्व महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी अजय सिंह वर्मा, पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक यूनियन बैंक कश्मीरी लाल बत्रा एवं उपाध्यक्ष आंचलिक साहित्यकार परिषद नंदकुमार दीक्षित ने गीता एवं धर्म विषय व्याखयान प्रस्तुत किए प्रमुखतः विश्राम साहू, डॉ. राजाराम राय, डॉ. लक्ष्मण राय, संतकुमार वसन्त कुमार, विनोद एवं गोपीचन्द राय, अनुराधा सोनी, रामकुमार भारद्धाज, लक्ष्मी, लकी, लवी, रूबल, शकुन, श्री राय, श्रेया, गरिमा, नित्या, बुलबुल आदि उपस्थित रहे ।

दिसंबर 10, 11 एवं 12 को उज्जैन में अखिल भारतीय गीता जयन्ती महोत्सव आयोजित है। 10 दिसंबर को कालिदास अकादमी उज्जैन में श्रीमद् भगवद् गीता पर केन्द्रीय विद्यालय एवं विश्व विद्यालय स्तरीय भाषणए वाद-विवाद, निबंध, चित्र, श्लोक, गायन आदि प्रतियोगिता में शामिल होने का नेमीचन्द व्योम द्वारा आव्हान किया गया ।

### सार समाचार

## स्व. श्री भातखंडे संगीत समारोह में गुलाम हसन खान के गायन ने समां बांध दिया



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** निनाद ललित कला समिति द्वारा आयोजित स्वण् श्री भातखंडे पुण्यतिथि संगीत समारोह में गुलाम हसन खान के गायन ने समा बांध दिया ।

निनाद ललित कला समिति के सचिव आनंद बक्षी ने बताया कि कार्यक्रम के आरंभ में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा एवं वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रमोहन मुद्गल द्वारा द्वीप प्रज्वलन किया गया। ताल इंस्टीट्यूट ऑफ म्यूजिक के संचालक एवं प्रसिद्ध तबला वादक अर्पित सोनी के मार्गदर्शन में जिले के साधकों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।

नृत्य निनाद संस्था की संचालिका प्रीति सक्सेना के मार्गदर्शन में कु. तानिया वाईकर, विधि गजभिए एवं मंगला गजभिए ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर तालियाँ बटोरी। रामपुर सहसवान घराने के दिग्गज गायक गुलाम हसन खान ने अपनी गायिकी में सुरों से समां बांध दिया। उन्होंने अपनी प्रस्तुति के दौरान राग में बड़ा ख्याल प्रस्तुत करते हुए आलाप मीड गमक की शानदार प्रस्तुति की। छोटा ख्याल प्रस्तुत कर संगीत कार्यक्रम आगे बढ़ता गया सुप्रसिद्ध ठुमरी में ताल में निबद्ध बंदिश श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ज्यों ज्यों त्यों त्यों स्वरों की मिठास ठुमरी में बदल गई गाकर उस्तादी गायिकी का परिचय दिया।

गुलाम हसन खां के साथ तबले पर दिल्ली से पधारे जहीन खान ने बेहतरीन टुकड़े तिहाई लयकारी से वाह वाही लूटी। जाकिर धौलपुरी ने हारमोनियम पर अपनी उंगलियों का जादू बिखेरकर गायन को उँचाईयों पर पहुँचाया। निनाद ललित कला समिति के इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सौसर विधायक विजय चौरे, चौरई विधायक सुजीत चौधरी जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रमोहन मुद्गल उपस्थित रहे। निनाद ललित कला समिति के इस अनूठे आयोजन में बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी तथा संगीत जगत से जुड़ी संस्थाएं सहभागी रहीं। निनाद ललित कला समिति ने सभी संगीत श्रोताओं, दानदाताओं, नगरनिगम, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के सहयोग के प्रति आभार प्रकट किया है।

## शीलरानी जैन को दी भावांजलि



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जैन श्राविका स्वर्गीय श्रीमती शीलरानी धर्मपत्नी स्वतंत्राता संग्राम सेनानी स्व. रूपचंदजी जैन महाराजा, माताजी राजकुमार, सनतकुमार जैन जबलपुर का देह परिवर्तन विगत 19 नवंबर 2024 को हो गया। जिन्हें अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी एवं सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन, फेडरेशन उपाध्यक्ष जिनेन्द्र जैन, समाज सेवी संजीव जैन के साथ फेडरेशन सहित सर्वोदय अहिंसा के सभी सदस्यों ने भावांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। बता दें कि स्व. शीलरानी जैन स्थानीय समाचार पत्र के संपादक रत्नेश जैन एवं स्वहेल जैन की दादी मां है।

## पत्रकारों ने दी विनम्र श्रद्धांजलि

सनत जैन वरिष्ठ पत्रकार की माताश्री शीलरानी जैन के निधन पर देशबन्धु परिवार छिन्दवाड़ा सहित पत्रकारो ने श्रद्धांजली अर्पित करते हएु ईश्वर से प्रार्थना की है कि माताजी को अपने चरणों में स्थान देकर शोकांकित परिवार को इस दुख की घड़ी में दुख सहने और सम्बल प्रदान करने की कामना की है।

## एनसीसी दिवस पर किया रक्तदान, रैली भी निकाली



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** 76 वीं एनसीसी दिवस पर 24 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी छिंदवाड़ा के कमांडिंग आफिसर कर्नल थॉमस ओमेन के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में रक्तदान शिविर का आयोजन आठवीं वाहिनी छिंदवाड़ा में किया गया।

इस आयोजन में 100 से 125 बच्चों ने भाग लिया और रक्तदान किया एवं स्कूल के एन.सी.सी. कैडेटो ने रैली निकालकर पानी बचाओ के नारे व एकता अनुशासन का संदेश नागरिकों तक फैलाकर एन.सी.सी. दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सूबेदार मेजर सतीश बोपचे, सूबेदार डी.एस. चौहान, सेकंड ऑफिसर सुश्री नीतू कलभोर, थर्ड ऑफिसर मुकेश कुरमेती एवं पी. स्टाफ सुभाष निर्मल, गुरप्रीत बसु और अमर प्रधान आदि उपस्थित थे।

## दिल्ली फेडरेशन कप में छिन्दवाड़ा के करातेबाजों ने परचम लहराया, 5 गोल्ड, 3 सिल्वर व 13 ब्रांज जीते



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी से मान्यता प्राप्त विश्व कराते महासंघ डब्ल्यू.के.एफ. से संबद्ध राष्ट्रीय फेडरेशन कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में दिनांक 19 से 23 नवंबर तक फेडरेशन कप, यूथ लीग कराते चैंपियनशिप में सेल्फ डिफेंस स्कूल ऑफ इंडियन कराटे मध्य प्रदेश की 17 सदस्य टीम ने मुख्य कोच सिहान राजेंद्र सिंह तोमर और सहायक कोच सेंसेई रविन्द्र जैसवाल के तकनीकी नेतृत्व में सीनियर वर्ग छिंदवाड़ा काता/कुमिते में कविता थापा ने 2 कांस्य, जया बघेल ने काता में रजत पदक, रंजना पटले, प्रज्ञा सोनी, शालिनी परतैती ने कांस्य पदक, भोपाल से रजनी नवरेती ने गोल्ड, बैतूल से राजेश उईके ने काता कुमिते में सिल्वर मेडल, श्योपुर से उदय सिंह राजावत ने काता कुमिते में ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं छिंदवाड़ा के नन्हे खिलाड़ियों ने सब जूनियर वर्ग में मिहित अग्रवाल ने कुमिते में गोल्ड, काता में सिल्वर मेडल, राघव रघुवंशी ने काता में गोल्ड कुमिते में ब्रॉन्ज, अद्विता त्रिपाठी ने कुमिते में कांस्य, आर्या रघुवंशी ने काता में गोल्ड मेडल जीता। वहीं भोपाल के अद्विका पटवा ने काता में गोल्ड, शिवांश समुद्रे ने सिल्वर मेडल जीतकर मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया।

सभी खिलाड़ियों को जिला खेल अधिकारी रामराव नागले, कृपा शंकर श्रीवास्तव, सुशील पटवा सहित डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर, उपाध्यक्ष श्याम दुपारे, सचिव ओमकार मोहबे, सह सचिव रविन्द्र जैसवाल, कोषाध्यक्ष हनुमान तिवारी, राजेंद्र तारण सहित समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई शुभकामनाएं दीं हैं।

## विश्वकर्मा समाज के दीपावली मिलन समारोह में पहुंचे शेषराव यादव



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विश्वकर्मा समाज के द्वारा दीपावली मिलन समारोह मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष शेषराव यादव, भाजपा के पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष विजय पांडे, पार्षद एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गरिमा दामोदर और पी जी कॉलेज के जन भागीदारी अध्यक्ष श्री घई उपस्थित रहे।

इस अवसर पर दीपावली मिलन समारोह के दौरान विश्वकर्मा समाज के उपस्थित सभी सदस्यों, महिला पुरूष, बच्चों को शेषराव यादव ने शुभकामनाऐं दी और विश्वकर्मा समाज के योगदान को सराहा। इस अवसर पर बलराज विश्वकर्मा ने विश्वकर्मा समाज की ओर से आगन्तुक अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

## पीएचई के सर्व कर्मचारी संघ की बैठक सर्किल आफिस परिसर में आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 24 नवम्बर 24 दिन शनिवार को पीएचई विभाग के सर्किल आफिस छिन्दवाड़ा में स्थायी कर्मी, कार्यभारित, एवं नियमित कर्मचारियों की बैठक रखी गई जिसमें कर्मचारियों की समस्या एवम निराकरण पर विचार व्यक्त किये गए जिसमें स्थायी कर्मचारीयों को सातवां वेतन, अनुकम्पा नियुक्ति एवं पेंशन की पात्रता मिले एवम कार्यभारित 2013 के कर्मचारियों को समयमान वेतनमान दिलवाने की बात कही।

साथ ही स्थायी कर्मीयों को कुछ शेष बचे कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन अंतर की राशि दिलवाने हेतु गुहार लगायी। इन कर्मचारियों को मांगों के सम्बन्ध में सर्व कर्मचारी संघ के प्रतिनिधी मंडल उच्चाधिकारीयों से मिलकर समस्या निकालेगें, प्रतिनिधी मंडल भोपाल स्तर के अधिकारी प्रमुख एवम् प्रमुख अभियंता से मिलकर समस्या का हल करवायेंगे। बैठक में पीएचई के समस्त कर्मचारियों ने चढ़ बढ़ कर हिस्सा लिया।

बैठक में उपस्थित जिला अध्यक्ष संजय शुक्ला, उपाध्यक्ष सोमनाथ सूर्यवंशी, प्रां सचिव रामकिशन, संगठन कर्मचारी महताम खरवेशी, देवेन्द्र सोनी, रमेश नामदेव, राजाराम, नरेश, प्रभु करपे, केशव मधु बांधे, देवीलाल साहू, विनोद मिश्रा उपस्थित थे

## अजय सक्सेना ने विश्वनाथ भाऊ को याद दिलाया उप सरपंची दिन, पिता की भूमिका



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाडा जिले में बीते तीन दिनों से ठण्ड बड़ी पड रही है। वहीं ठंडी पड़ी राजनीति के पोखर में बीते दिनों कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने पत्थर क्या फेंका, भाजपा खेमे में लहरे उफनाने लगी, राजनीति का मिजाज ही कुछ ऐसा है कि कब कौन दुश्मन या दोस्त हो जाये। कभी एक दुसरे पर जान निछावर करने वाले अब एक दूसरे को प्रतिद्वंदी की तरह नजर आने लगे है। कभी गोदी में खेलने बाले अब इतने बड़े हो गए है की छींटाकाशी पर उतर आए है। छिंदवाडा जिले की राजनीति कभी ऐसी तो न थी। देश और समाज को दिशा देने बाली राजनीति कि गंगा को किसने दूषित किया है यह मीमांसा फिर कभी राजनीति आगे-आगे क्या रंग दिखाएगी यह तो वक्त ही बताएगा।

पूर्व कैबिनेट मंत्री दीपक सक्सेना के बेटे अजय सक्सेना ने पूर्व सांसद नकुलनाथ और कांग्रेस जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे पर निशाना साधा है। कार्यक्रम के दौरान मंच से अजय सक्सेना ने विश्वनाथ ओकटे को चुनौती देते हुए कहा. आपको चुनाव लड़ने की बहुत लालसा है। मैं कमलनाथ से निवेदन करता हूं कि आपको लोकसभा चुनाव की टिकट दी जाए। विवेक बंटी साहू आपको दो लाख वोटों से हराएंगे।

अजय सक्सेना ने विश्वनाथ ओकटे की राजनीति पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्हें मेरे पिता दीपक सक्सेना के राजनीतिक भविष्य की बहुत चिंता है। लेकिन वह यह भूल रहे हैं कि पूर्व सी एम कमलनाथ से पहली बार मेरे पिता ने ही उनकी मुलाकात कराई थी, जब वह गुरैया के उप सरपंच थे।

अजय सक्सेना ने कहा- चार दिन बाज न उड़े तो आसमान कबूतर का नहीं हो जाता। छिंदवाड़ा अब किसी का घर नहीं रहा, यह लाड़ली बहनों का गढ़ है। नकुलनाथ पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अगर नकुलनाथ पांच कार्यकर्ताओं के मकानों का नाम बता दें तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। नकुलनाथ किसी कांग्रेस कार्यकर्ता को नहीं पहचानते। अजय सक्सेना ने यह बयान उस समय दिया जब मंच पर सांसद विवेक बंटी साहू भी मौजूद थे। दरअसल यह कार्यक्रम एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का था जो उमरहड़ में आयोजित किया गया था। इस दौरान अजय सक्सेना नकुलनाथ और विश्वनाथ ओकटे पर जमकर हमलावर रहे।

**विश्वनाथ ओकटे ने दो दिन पहले कसा था तंज**-दरअसल कांग्रेस जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने दो दिन पहले दीपक सक्सेना पर चुटकी ली थी। प्रभारी मंत्री के आगमन के दौरान लगे एक होर्डिंग में दीपक सक्सेना को पूर्व केबिनेट मंत्री के जगह लिख गया था पोस्टर में पूर्ण केन्द्रीय मंत्री जिसे विश्वनाथ ओकटे ने अपमानजनक बताया था। इसी विवाद के चलते अजय सक्सेना ने आज नकुलनाथ और ओकटे पर तंज कसा।